तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 28 मार्च 2026

10 डीसी के ज्ञापन न लेने आने पर बिफरी भाकियू...



10 सीएम देंगे सफीदों को करोड़ों की विकास....



## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जींद।** गांव तलोडाखेड़ी के निकट तेजरफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बेरीखेड़ा निवासी रामनिवास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा सफीदों रोड से घर की तरफ लौट रहा था। गांव तलोडा खेड़ी के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें उसका बेटा घायल हो गया। घटना का अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

### फतेहपुर में मंदिर के बाहर से बाइक चोरी

**कैथल।** गांव फतेहपुर में माता मनसा मंदिर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। मामले में पूंडरी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में फतेहपुर निवासी विनोद कुमार ने बताया कि वह 25 मार्च की रात करीब 9:30 बजे अपने परिवार के साथ माता मनसा मंदिर फतेहपुर में पूजा करने गए थे। उन्होंने अपनी स्पलेंडर बाइक मंदिर के मुख्य गेट के पास खड़ी की थी। करीब 10:30 बजे पूजा समाप्त कर जब वह बाहर आए तो उनकी मोटरसाइकिल वहां से गायब थी।

### कार सवार युवकों ने मारी बाइक को टक्कर

**जींद।** सफीदों के हाट रोड रजबाहे की पटरी पर कार सवार युवको ने रंजिशन बाइक को टक्कर मार दी और उस पर सवार बाप व बेटे के साथ मारपीट की। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार युवकों को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुरड़ निवासी रामलखन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी महाबीर परिवार से रंजिश चली आ रही है। गत दिवस वह पिता दर्शन को बाइक पर लेकर रजबाहे की पटरी से जा रहा था। उसी दौरान महाबीर परिवार ने कार से पीछा करते पहले उनकी बाइक को टक्कर मार कर गिराया।

### लोन डिफॉल्ट के बाद कब्जा लिए घर में घुसकर तोड़फोड़

**कैथल।** शहर में लोन डिफॉल्ट के बाद कंपनी द्वारा कब्जा लिए गए मकान में घुसकर ताले व सील तोड़ दी। इसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पिरमल फाइनेंस लिमिटेड शाखा के डिप्टी मैनेजर हरिओम खांडा ने बताया कि कंपनी ने अमरगढ़ गामड़ी, कैथल निवासी पंकज व उसके साथी रमेश को मकान गिरवी रखकर लोन दिया गया था।

### पशुओं से गलत हरकत करने पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव दबलैन में बीती रात पशु के पांव बांध कर गलत कार्य करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दबलैन निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि देकर रात को उनके परिजनों पशु रांभने की आवाज सुनाई दी। परिवार के लोग जब मौके पर पहुंचे तो गांव का ही कुलबीर भागता हुआ बाहर निकलता दिखाई दिया।

### ब्राह्मा धर्मशाला में मासिक हवन कल

**उचाना।** प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित होने वाले मासिक हवन में मुख्य यजमान के तौर पर पं. पवन आढ़ती उनकी धर्मपत्नी रामभतेरी पहुंच पूर्णाहुति देंगे। 29 मार्च को रविवार के दिन हवन होगा। मा. रामप्रसाद ने बताया कि भारतीय संस्कृति के चार स्तंभ सत्य, तप, दया और दान माने जाते हैं। हवन के माध्यम से क्षेत्र में सद्भावना का विस्तार होता है।

---

### एजेंसी मालिक पर दूसरी एजेंसी को सिलेंडर बेचने का लगाया आरोप

# गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर गोहाना रोड पर लगाया जाम

### सिविल लाइन थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंच किया उपभोक्ताओ को शांत

**जाम से चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गैस सिलेंडर की मारामारी के चलते शुक्रवार को खफा उपभोक्ताओं ने गोहाना रोड पर जाम लगा दिया। उपभोक्ताओं को कहना था कि सुबह से लाइन में लगे हैं, उन्हें गैस सिलेंडर नही मिल रहे हैं। जिनको मिले वे दूसरी कंपनी के है। जाम लगने की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गई और गैस एजेंसी मैनेजर के साथ बातचीत कर उपभोक्ताओं को शांत किया। जाम से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। देवीलाल ग्राउंड में पारस गैस एजेंसी उपभोक्ताओं का शुक्रवार दोपहर को उस समय गुस्सा फूट पड़ा जब एजेंसी ने भारत गैस की बजाय एचपी के सिलेंडर देने शुरू कर दिए। खफा उपभोक्ता शहीद स्मारक के सामने गोहाना रोड पर आ गए और जाम लगा दिया। उपभोक्ताओं का कहना था कि एचपी गैस की पहले किल्लत चली हुई है। जिसके चलते उन्हें आगे दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। गैस सिलेंडर लेने के लिए वे सुबह तीन बजे से लाइन मे लगे हैं। उपभोक्ता डेढ़ सौ से ज्यादा हैं। जबकि गैस सिलेंडर तीस पहुंचे हैं। उनकी पर्ची एक दिन पहले की कटी हुई है। अब जो गैस सिलेंडर आए थे वे दूसरी एजेंसी को बचे दिए। जिसके चलते उन्हें फिर शनिवार को आना पड़ेगा। गैस सिलेंडर को लेकर उन्हें गांव से सुबह पहुंचना पड़ रहा है। कहा कि उन्हें भारत गैस की डिलीवरी दी जाए। जितनी पर्ची काटी गई हैं, उन सभी को गैस सिलेंडर दिए जाएं। जाम लगने की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना प्रभारी पूजा मौके पर पहुंच गई और गैस एजेंसी मैनेजर के साथ बातचीत कर उपभोक्ताओं का शांत करवाया। जिसके बाद जाम में फंसे वाहन चालकों ने राहत की सांस ली।



जींद। गोहाना रोड पर जाम लगाए उपभोक्ता। फोटो :हरिभूमि



जींद। जाम में फंसे वाहन। फोटो :हरिभूमि



सिविल लाइन थाना प्रभारी पूजा ने बताया कि गैस सिलेंडरों को लेकर उपभोक्ता सड़क पर आ गए थे। उन्हें समझा बुझा कर शांत कर दिया गया है। जिसके बाद उपभोक्ता चले गए।



जींद। गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लगे उपभोक्ता। फोटो :हरिभूमि

## जींद : 5976 उपभोक्ताओं को हर दिन मिल रहे गैस सिलेंडर

### वर्तमान में 9200 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक

- जींद में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू : आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश कुमार आर्य ने बताया कि जिला जींद में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से की जा रही है। जिले में कार्यरत 24 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 5976 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा।

उन्होंने जानकारी दी कि गैस कंपनियों के पास वर्तमान में लगभग 9200 गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जो मौजूदा मांग से अधिक है। ऐसे में नागरिकों से अपील है कि वे घबराहट में आकर अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण न करें। गैस बुकिंग निर्धारित समय पर की जा रही है तथा समयबद्ध तरीके से वितरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अलावा जिले में विभिन्न कंपनियों के 178 पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल की सप्लाई भी निरंतर जारी है। दोनों ही ईंधनों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में बनी हुई है। जिससे किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। उन्होंने विशेष रूप से अवगत कराया कि जिन परिवारों में विवाह या अन्य सामाजिक कार्यक्रम प्रस्तावित हैं वे गैस सिलेंडर की आवश्यकता हेतु कम से कम 10 दिन पूर्व आवेदन करेंए ताकि संबंधित कंपनियों को समय रहते मांग भेजी जा सके और आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित की जा सके।

---

## जंगल में व्यक्ति का शव मिलने से मचा हडकंप, हृदय गति रुकने की संभावना

### सुबह घूमने के लिए निकला था करसिंधु निवासी नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव करसिंधु रेलवे रेलवे लाइन के निकट जंगल में एक व्यक्ति का शव मिलने से हडकंप मच गया। मृतक के शरीर पर चोट वैगराह के निशान नही थे। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत हृदय गति रूकने से हुई है। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव करसिंधु निवासी नवनीत (50) शुक्रवार को सुबह घूमने के लिए



रेलवे लाइन की तरफ गया था। जो काफी देर तक घर वापस नही लौटा। जो रेलवे लाइन के निकट जगल में मृत पाया गया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के शरीर पर कोई चोट वैगराह का निशान नही था। आशंका जताई जा रही है कि नवनीत की मौत हृदय गति रूकने से हुई है। फिर भी पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना सफीदों प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। रिपोर्ट से मौत के कारणों का पता चल जाएगा।

## नहर में डूबे दोनों सगे भाइयों के शव बरामद

### *पिता के साथ नहर में पूजा सामग्री विसर्जित करने गए थे लक्की और महेंद्र*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना में गुरूवार शाम को नवरात्र की पूजा संपन्न होने पर अपने पिता के साथ गुरथली रोड पर स्थित नहर में पूजा की सामग्री पानी में विसर्जित करने गए दोनों भाइयों की डूबने से मौत हो गई। दोनों भाइयों के शव शुक्रवार को नहर से मिलने पर उनका पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। सदर थाना प्रभारी कमल सिंह ने बताया कि कि राजस्थान का रहने वाला राजेश प्रेम नगर कॉलोनी नरवाना में अपने



नरवाना। घटना के बाद विलाप करते हुए परिजन।

परिवार के साथ रह रहा है। गुरूवार शाम को दुर्गा अष्टमी की पूजा संपन्न होने के बाद अपने दो पुत्रों 14 वर्षीय लक्की और 16 वर्षीय महेंद्र के साथ सिरसा ब्रांच नहर में पूजा सामग्री विसर्जित करने के लिए गया था। पूजा सामग्री विसर्जित करते हुए 14 वर्षीय लक्की का अचानक पैर फिसल गया और वह नहर में गिर कर डूबने लगा। अपने भाई को डूबता देख महेंद्र ने भी नहर में छलांग लगा दी और अपने भाई को बचाने का प्रयास करने लगा लेकिन महेंद्र भी नहर के तेज बहाव में डूब गया। दोनों बच्चों की बरामदगी को लेकर रोहतक सुनारिया से एनडीआरएफ की टीम व गोताखोरों को भी बुलाया गया और बच्चों को ढूंढने का सर्च अभियान पूरी रात जारी रहा। शुक्रवार को दोनों भाइयों के शव नहर से बाहर निकाल कर शवों को नरवाना के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिए गए। दोनों शवों को परिजन अपने पैतृक गांव राजस्थान ले गए हैं। घटना के बाद पूरी कॉलोनी में शोक की लहर डूबे गई है। हर किसी की आंख में आंसू थमने का नाम नही ले रहे थे।

## अब कैथल में किए जाएंगे ऑनलाइन चालान : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नवनियुक्त एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि पुलिस का मुख्य फोकस नशा तस्करों को पकड़ने और यातायात नियमों का पालन न करने वाले चालकों पर कार्रवाई का रहेगा। मुख्य रूप से हाईवे पर बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले, तीन सवारी वाले और बिना सीट बेल्ट वाले चालकों के आनलाइन चालान किए जाएंगे। वाहन चालकों को रोक कर परेशान नहीं किया जाए इसके लिए ही आनलाइन चालान प्रक्रिया शुरू की जा रही है। शहरी एरिया में भी यह कार्रवाई की जाएगी। बिना नंबर प्लेट और बाइक को माडिफाई करवाने वाले चालकों को रोक कर जुर्माना लगाया जाएगा। शुक्रवार को एसपी मनप्रीत सिंह अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

**ट्रैफिक नियमों को अपनाएं**

एसपी ने कहा कि लोगों को भी चाहिए कि यातायात नियमों का पालन करें। अब पुलिस जो चालान करेगी उसकी चालान राशि नकद नहीं ली जाएगी बल्कि ऑनलाइन भरवाया जाएगा। इसके अलावा भी पुलिस टीमें अभियान चला गलत लेन में चलने वाले , शराब पीकर गाड़ी चलाने , शीशों पर काली फिल्म वालों के चालान किए जाएंगे।

## विकास परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी लाएं अधिकारी: डॉ. साकेत

### *एपीएस ने विकास कार्यों के संदर्भ में ली समीक्षा बैठक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं जिला के प्रशासनिक सचिव डॉ. साकेत कुमार ने लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर जिला कैथल में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं और सेवा के अधिकार अधिनियम के तहत नागरिकों को सरकार की विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाए। डॉ. साकेत कुमार ने 25 करोड़ से अधिक के लंबित प्रोजेक्ट राजौंद में एसटीपी, कैथल शहर में निर्माणाधीन सिटी स्कवेयर, राजौंद राजकीय कॉलेज, संस्कृत विश्वविद्यालय भवन, मेडिकल कॉलेज, चीका बाईपास, चक्कू लदाना में बन रहे राजकीय कॉलेज, धनौरी लिंक चैनल सहित विभिन्न प्रोजेक्ट्स की बिंदूवार समीक्षा की। उन्होंने चक्कू लदाना में बन रहे कॉलेज एवं चीका बाईपास प्रोजेक्टस की विस्तृत रिपोर्ट देने के भी आदेश दिए। इसके बाद उन्होंने नशीले पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियानों को तेज करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामलों में त्वरित एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## ऑनलाइन निवेश के नाम पर 22.90 लाख रुपये की ठगी

- साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के माता गेट पर एक युवक से ऑनलाइन निवेश के नाम पर 22.90 लाख की साइबर ठगी कर ली। मामले में साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर साइबर थाना कैथल में ठगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर 7 स्थित माता गेट कैथल के सुनील कुमार ने बताया कि 22 जनवरी 2026 को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने उसे व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए निवेश सिखाने का झांसा दिया। इसके बाद उसे एक अन्य नंबर पर संपर्क करने को कहा गया, जहां से उसे फ्री वीआईपी गाइडेंस ग्रुप नाम के व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में मौजूद एक महिला, जो खुद को रक्षिता वेद (फाइनेंसल कोच) बताती थी। उसने उसे शेयर बाजार, ओटीसी और आईपीओ में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया। आरोपी के कहने पर पीड़ित ने अलग-अलग तारीखों में विभिन्न खातों और यूपीआई आईडी में पैसे ट्रांसफर किए।

### डीआरएम ने रेलवे जंक्शन पर मेन डाउन लाइन प्वाइंट नंबर 111 की अलाइनमेंट गेज जांची

## क्रासिंग प्वायंट पर अलाइनमेंट स्टेर्डड साइज में होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिल्ली रेल डिवीजन के डीआरएम (मंडल रेल प्रबंधक) पुष्पेश आर त्रिपाठी ने रेलवे जंक्शन पर मेन डाउन लाइन प्वाइंट नंबर 111 की अलाइनमेंट गेज चेक की। इस दौरान ट्रैक पर प्वायंट क्रासिंग के बारे में कर्मचारियों से पूछताछ की। जांच के दौरान प्वायंट क्रासिंग की पैमाइश की गई।

डीआरएम ने कहा कि क्रासिंग प्वायंट पर अलाइनमेंट स्टेर्डड साइज में होनी चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि अगर टार्क मशीन के साथ अलाइनमेंट की जांच की जाएगी तो क्रास प्वाइंट पर गेप नहीं होगा। अगर जरूरत है तो और भी टार्क मशीन मंगवाई जाए। प्वाइंट क्रासिंग वह जगह होती है, जहां ट्रेन एक लाइन से दूसरे लाइन पर जाती है। डीआरएम दोपहर लगभग डेढ़ बजे अपने स्पेशल यान में जींद जंक्शन पर पहुंचे थे। जांच के दौरान लगभग आधा घंटा वे जंक्शन पर रहे। इसके बाद लगभग दो बजे वे अपने स्पेशल ट्रेन यान से रोहतक की ओर निकल गए। पत्रकार वार्ता के दौरान डीआरएम ने कहा कि वे सोनीपत-गोहाना और रोहतक-पानीपत सेक्शन का इंस्पेक्शन कर रहे हैं। इस पर काफी अच्छे काम हो रहे हैं। स्पीड बढ़ाने के लिए क्या प्रयास करेंगे, सेफ्टी सिलिक्टेड वर्क देखेंगे, जिससे लाइबलिटी बढ़ेगी। हाइड्रोजन ट्रेन को लेकर डीआएम ने कहा कि अभी ट्रेन का ट्रायल चल रहा है। आरडब्यूएस ट्रायल और सीआरएस सेक्शन मिलने के बाद ही पता चल पाएगा। इसके बारे में आरडब्यूएस टीम बेहतर बता पाएगी। उन्होंने कहा कि ट्रायल एक लंबा प्रोसेस होता है। ऐसा नहीं है कि वे इतनी जल्दी ट्रेन के चलने के बारे में कुछ कह पाएं। उन्होंने कहा कि जब ट्रायल होता है तो ट्रेन को अलग-अलग गति पर चलाकर देखा जाता है। किस गति पर ट्रेन के चलते समय व्हीकल कैसे बिहेव करता है सहित अन्य चीजों का गहना परीक्षण होता है। इसमें आरडब्ल्यूएसओ टीम जांच में लगी हुई है।



**एनआरएमयू ने सौंपा ज्ञापन**

मेन डाउन लाइन गेज चेक के बाद जब डीआरएम वापस जाने के लिए जंक्शन पर पहुंचे तो एनआरएमयू ने मांगों को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

## अब प्लांट में बेहतर गुणवत्ता वाली हाइड्रोजन गैस का हो रहा उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाइड्रोजन ट्रेन का पांचवां परफार्मेंस ट्रायल शुक्रवार को हुआ। ट्रेन सुबह 10.20 पर जींद जंक्शन से रवाना हुई। ट्रेन लगभग पौने एक बजे सोनीपत जंक्शन पर पहुंची थी। वहां 15 मिनट रुकने के बाद ट्रेन जींद के लिए वापस रवाना हुई। ट्रेन लगभग पौने चार बजे जींद वापस पहुंची। इस दौरान जींद से सोनीपत रूट पर हर स्टेशन पर ट्रेन को एक से मिनट तक रोका गया। यह ट्रेन का अंतिम परफार्मेंस ट्रायल बताया जा रहा है। अब एक और सेफ्टी चेक होगा। ऐसे में ट्रेन के जल्द ट्रैक पर लौटने की उम्मीद है। हाइड्रोजन प्लांट में इलेक्ट्रोफायर में गैस उत्पादन नहीं हो रहा था। इसके लिए जर्मनी से सामान मंगवाया गया था। अब प्लांट में अच्छी तरह से गैस उत्पादन हो रहा है। ऐसे में जब पहले 0.9 किलोग्राम में जहां ट्रेन एक किलोमीटर तक दौड़ पाती थी, अब 0.8 किलोग्राम से भी कम में एक किलोमीटर की एवरेज आ रही है। जर्मनी से सामान आने के बाद प्लांट में बेहतर गुणवत्ता वाली हाइड्रोजन गैस का उत्पादन हो रहा है। इसका नतीजा है कि ट्रेन की एवरेज भी बेहतर हो गई है। बतां दें कि पहले 16 से लेकर 20 मार्च तक ट्रेन का जींद से सोनीपत रूट पर तीन बार परफार्मेंस ट्रायल किया गया था।

## खबर संक्षेप

### सीएम विंडो पर आई शिकायतों की जांच की

**उचाना।** तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने सीएम विंडो पर आई शिकायतों की जांच की। कानूनगो रामबिलास पटवारी सहित अन्य कर्मचारी इस दौरान मौजूद रहे। अशोक कुमार ने कहा कि सीएम विंडो जो प्राप्त हुई है उनकी जांच की गई कि कितनी सीएम विंडो का समाधान अब तक हो चुका है। जो पेंडिंग है उनका भी समाधान जल्द से जल्द प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है।

### पूरी निष्ठा के साथ सक्रिय भूमिका निभाएं

**जींद।** शहर सफीदों के खानसर चौक स्थित गीता विद्या मंदिर में विधायक रामकुमार गौतम द्वारा कार्यकर्ताओं, मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों एवं अन्य पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में चार अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सफीदों की नई अनाज मंडी में होने वाली रैली तथा संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क अभियान तथा मतदाता सूची से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते विधायक रामकुमार गौतम ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को विषय संबंधी विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कहा कि आगामी समय को देखते सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएं और संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

### गैस वितरण प्रणाली पूरी तरह से चरमराई : कपूर

**जींद।** माक्र्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी माकपा ी जिला कमेटी ने जींद जिले में रसोई गैस सिलेंडरों की लगातार बढ़ती किल्लत और उपभोक्ताओं को हो रही भारी परेशानी पर गहरा रोष व्यक्त किया है। पार्टी के जिला सचिव कपूर सिंह ने कहा कि इस संकट के लिए सीधे तौर पर केंद्र की मोदी सरकार की नाकामियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि जिले में गैस वितरण प्रणाली पूरी तरह चरमरा गई है। जिसका सीधा असर आम जनताए मजदूरों और मध्यम वर्ग की रसोई पर पड़ रहा है। कपूर सिंह ने केंद्र सरकार पर कड़ा प्रहार करते कहा कि मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को कमजोर करने की साजिश के कारण आज आम आदमी का चूल्हा जलना दूभर हो गया है।

### मां अन्न पूर्णा मंदिर में लगाया भंडारा

**उचाना।** जय मां अन्न पूर्णा मंदिर में राम नवमी पर ब्राह्मण चौबीसी प्रधान अनिल शर्मा द्वारा भंडारा लगाया। यहां पर खीर, कढ़ी का प्रसाद वितरित किया। शर्मा ने कहा कि भगवान राम के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। भगवान राम को मर्यादा पुरूषोत्तम इसलिए कहा जात था कि वो हमेश मर्यादा में रहते थे। अपने पिता के वचन को पूरा करते हुए 14 साल तक वनों में रहे। जीवन में मर्यादा होने के साथ-साथ विचार सकारात्मक होने के साथ-साथ हर किसी का भला करने वाले होने चाहिए।

### शिविर में 63 यूनिट रक्त एकत्रित किया

**उचाना।** बाबा फुल्ले साध गौशाला कापड़ो में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र के साथ-साथ सड़क सुरक्षा का संदेश देते हुए हेलमेट भी दिए गए। 63 यूनिट रक्तदान शिविर में हुआ। गौशाला प्रबंधक अशोक रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं आती है बल्कि स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार रक्तदान कर सकता है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जान बचाने के काम आ सकता है। रक्तदान शिविर जहां भी आयोजित हो रक्तदान अवश्य करें। इस तरह के शिविर निरंतर आयोजित किए जाते है।

### वार्ड वाइज मतदाता सूची हुई प्रकाशित

**जींद।** जिला निर्वाचक अधिकारी एवं जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने बताया कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियमावली के तहत उपचुनाव हेतु राज्य चुनाव आयोग द्वारा विगत 12 सितंबर 2024 को प्रकाशित विधानसभा मतदाता सूची नियमानुसार जींद खंड की ग्राम पंचायत चाबरी, मनोहरपुर, ललित खेड़ा, राजपुरा, ईक्कस व कर्मगढ की वार्ड वाईज सूची का अंतिम प्रकाशन आज कर किया गया है।

## मुख्यमंत्री के साथ बातचीत करवाने का दिया आश्वासन

# डीसी के ज्ञापन न लेने आने पर बिफरी भाकियू हुई शांत

### डिप्टी स्पीकर और उपायुक्त ने की किसानों से बात

**आश्वासन पर भाकियू ने धरना किया समाप्त**


जींद। डिप्टी स्पीकर को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए भाकियू पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किसानों की समस्याओं को लेकर 24 मार्च को भारतीय किसान यूनियन द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान लघु सचिवालय परिसर में डीसी के समय पर ज्ञापन नहीं लेने के विरोध में शुक्रवार को भाकियू ने ईक्कस गांव में धरना दिया। भाकियू द्वारा धरना दिए जाने की सूचना पर एसडीएम सत्यवान मौके पर पहुंचे थे लेकिन किसान नहीं माने। बाद में डीसी मोहम्मद इमरान रजा और डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मौके पर पहुंचे और उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित चार व पांच अप्रैल के दौरे के समय किसानों के साथ बातचीत करवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने सहमति जताई और उन्होंने धरना स्थिगत कर दिया। 24 मार्च को जब किसानों ने शिव कालोनी से लेकर लघु सचिवालय परिसर तक प्रदर्शन किया था तो डीसी सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में होने के कारण समय पर ज्ञापन लेने में थोड़ी देरी से पहुंचे थे। इससे नाराज होकर किसानों ने डीसी के तबादले की मांग की थी। भाकियू नेताओं का कहना था कि अगर 27 मार्च तक डीसी का तबादला नहीं किया गया तो वे जींद.हांसी रोड पर जाम लगाएंगे और इसके बाद मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे में उनका विरोध किया जाएगा। इसी के चलते भाकियू नेता ईक्कस गांव में एकत्रित हुए और वहां धरना दिया। बाद में डीसी और डिप्टी स्पीकर के आश्वासन पर भाकियू नेता राजी हुए और मुख्यमंत्री के साथ वार्ता करवाने जाने को लेकर सहमत हुए। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान, भाकियू जिला अध्यक्ष बिंद्र नंबरदार, जयबीर लौहान, राजपुरा भैण, राजेंद्र पहलवान व जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल पोंकरीखेड़ी ने कहा कि सरकार के नए नियमों अनुसार अनाज मंडियों में किसानों द्वारा फसल लाने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों पर नंबर होगाए तभी अनाज मंडी में प्रवेश होगा। जबकि छोटे किसानों के पास ट्रैक्टर नहीं हैं, वे किराए के साधनों या बैल गाड़ी में मंडी तक फसल लाते हैं। नए नियमों अनुसार मंडियों में फसल लाने का समय जो निर्धारित किया है, वह गलत है। क्योंकि किसान ने अगर खेत से रात में फसल काट ली ती उसकी मजबूरी है वह रात को ही फसल लाकर मंडी में डालेगा। नए नियमों अनुसार गेट पास कटवाने के लिए उसी व्यक्ति का होना जिसके नाम फसल रजिस्ट्रेशन हैए यह संभव नहीं होगा। क्योंकि फसल रजिस्ट्रेशन अधिकतर बुजर्गों व महिलाओं के नाम पर है। देर सवेर उन्हें साथ लाना संभव नहीं होगा। पहले की तरह ओटीपी से ही गेट पास काटे जाए। भारत अमेरिका की जो ट्रेड डील हो रही है, भारतीय किसान यूनियन उसका विरोध करती है।

# कच्चे माल की सप्लाई न मिलने से जूझ रहा उद्योग : जितेंद्र वत्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



अमेरिका इजराइल ईरान के युद्ध की वजह से औद्योगिक गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई में कटौती होने से अनेक औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कच्चे माल की सप्लाई में भी उद्योग जगत को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय पर गहन चिंतन करते भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री एवं रोहतक विभाग प्रमुख जितेंद्र वत्स व जिला मंत्री विनोद शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि अनेक क्षेत्रों में उद्योगपति या तो उद्योगों को बंद कर रहे हैं या फिर उत्पादन में कटौती की जा रही है जिसका प्रभाव सीधे तौर पर मजदूरों पर भी पड़ रहा है। अभीतक कारखानों में उत्पादन को कम करने या फिर बंद करने की वजह से प्रदेश के पानीपत, अंबाला, गुरूग्राम, करनाल एवं फरीदाबाद जैसे बड़े औद्योगिक शहरों से मजदूरों का पलायन शुरू हो गया है। क्योंकि उनके सामने परिवार की रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ हरियाणा सरकार से मांग करता है कि सरकार उद्योगों को चलाने के लिए पर्याप्त गैस एवं पेट्रोलियम पदार्थों की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करें और छंटनी ग्रस्त एवं पलायन करने वाले मजदूरों को आपातकाल स्थिति मानकर उनकी आर्थिक सहायता करे ताकि मजदूरों को रोजी रोटी के संकट से बचाया जा सके।


जींद। प्रतिभावन बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### प्रतिभावान छात्रों के सम्मानित किया

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों की प्रतिभा और उपलब्धियों का उत्सव मनाया । शुरुआत मुख्यअतिथि हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी व प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की । विद्यार्थियों ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके पश्चात हैप्पी माय फैमिली गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया और उपस्थित दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। डा. विद्यार्थी ने बच्चों को परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देते कहा कि देश का भविष्य है बच्चा। माता-पिता व अध्यापक तीनों मिल कर नींव रखते हैं और बच्चे का भविष्य उज्ज्वल बनाते हैं।

### जींदः 40वां विशाल भगवती जागरण आज, तैयारियां पूरी

**जींद।** शहीदे आजम युवा क्लब के तत्वावधान में शनिवार को होने जा रहा 40वें विशाल मां भगवती जागरण को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हें। पटियाला चौंक स्थित जागरण ग्राऊंड से लेकर चौक तक लाइटिंग की गई है। क्लब प्रधान गुलशन सलूजा ने बताया कि जागरण को लेकर शहरभर में निमंत्रण दिए जा चुके हैं। जागरण में मख्यअतिथि के तौर पर जींद के भाजपा विधायक एवं हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि होंगे और मां की ज्योत प्रज्जवलित करेंगे। जबकि समाजसेवी रमेश ढिल्लो, पूर्व सांसद सुरेंद्र बरवाला, रूद्राक्ष मिड्ढा, राजन चिल्लाना सम्मानित अतिथि होंगे। कोषाध्यक्ष अमित सिंधवानी ने बताया कि जागरण में हेमंत बृजवासी, कुरुक्षेत्र से बब्बू चावला, नरेश भजनी मां का गुणगान करेंगी। इस बार विशेष तौर पर मां का दरबार सजाया जाएगा।

### शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**जींद।** लघु सचिवालय के सभागार में समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में एसडीएम सत्यवान मान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़ी लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की । एसडीएम सत्यवान मान ने विशेष रूप से उन शिकायतों पर ध्यान केंद्रित किया जो 60 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से देरी के कारणों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निपटान सुनिश्चित किया जाए तथा उनकी एटीआर पोर्टल पर अपलोड की जाए। उन्होंने कहा कि जो शिकायतें दोबारा खुली हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर विशिष्ट नागरिकों से संतुष्टि के हस्ताक्षर लेकर एटीआर अपलोड करना अनिवार्य है।


जींद। बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि


सरसों खरीद प्रबंध का जायजा लेने मंडी पहुंचे मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**उचाना।** शनिवार 28 मार्च को शुरू होने वाली सरसों की सरकारी खरीद को लेकर मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यहां पर किसानों, आढ़तियों से मुलाकात भी की। बीते कई दिनों से मंडी में सरसों की फसल आ रही है। प्राइवेट बोली पर 6700 रुपये प्रति क्विंटल के आसपास के भाव किसानों को मिल रहे है। सरकार द्वारा 6200 रुपये प्रति क्विंटल का भाव तय किया है। इन दिनों एमएसपी से अधिक भाव किसानों को मिल रहे है। चेयरमैन ने कहा कि फसल के सीजन में किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। मंडी में ऐसे प्रबंध किए गए हैं। जिससे किसान अपनी फसल को बेच कर उसी दिन घर वापिस लौट सकें। पूरे देश में हरियाणा एक ऐसा राज्य है जहां पर 24 फसलों को सरकार एमएसपी पर खरीद रही है।

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**जींद।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के सौजन्य से समग्र शिक्षा जींद द्वारा जिले के रा. विद्यालयों में पढ़ने वाले पहली से बारहवीं कक्षा के दिव्यांग बच्चों के लिए दो दिवसीय फिजियोथैरेपी कैंप 27 एवं 28 मार्च का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिफेंस कॉलोनी जींद में किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ जिला परियोजना संयोजक किरण बाला ने किया। शिविर में नागरिक अस्पताल जींद से फिजियोथैरिपिट रिचा चौधरी ने बच्चों की जांच की। उन्हें आवश्यक एक्सरसाइज और इलाज के बारे में जानकारी दी। शिविर का आयोजन एपीसी समग्र शिक्षा जींद रणधीर सिंह ढिल्लो की देखरेख में किया जा रहा है। शिविर में विशेष अध्यापकों पवन कुमार, अर्जुन सिंह, गुरनाम सिंह, सुरजीत सिंह, नरेश , विशेष अध्यापिका मनीषा का सहयोग रहा।


जींद। दिव्यांग बच्चों की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि


जींद। राजकुमार गोयल को निमंत्रण देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### श्री कृष्ण रासलीला मंचन कल से

**जींद।** श्री राधा कृष्ण रासलीला मंडल द्वारा 29 मार्च से श्री बनखंड महादेव मंदिर पुराना हांसी रोड जींद से श्री कृष्ण रासलीला का मंचन शुरू हो रहा है। इस रासलीला समारोह में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल, राधेश्याम चिल्लाना, मुकेश गोयल, डा. मीना शर्मा, विनोद गुप्ता, खजांची लाल गर्ग व पवन गोयल मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह आयोजन पांच अप्रैल तक चलेगा। जानकारी देते हुए संस्था के प्रेस सचिव सोनू जैन ने बताया कि आयोजन प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से 11 बजे तक होगा। जहां वृंदावन के श्री कृष्णलीला संस्थान द्वारा भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं, रासलीला और विभिन्न धार्मिक प्रसंगों को आकर्षक और भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।


जींद। बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### जनगणना प्रक्रिया की जानकारी दी जाए

**जींद।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य को लेकर शुक्रवार को एडीसी कार्यालय के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने की। जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आंकड़े देश की भविष्य की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। निर्देश दिए कि प्रथम चरण के कार्य को पूरी जिम्मेदारी पारदर्शिता और सावधानी के साथ संपादित किया जाए ताकि सटीक और विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त हो सकें। अधिकारियों से यह भी कहा कि आम नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को जनगणना प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाए।

# ओबीसी विद्यार्थियों को तीन साल से नहीं मिली छात्रवृत्ति की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हरियाणा के ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को पिछले तीन शैक्षणिक सत्रों 2023-24, 2024-25 और 2025-26 की छात्रवृत्ति राशि अब तक जारी न होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति लंबे समय से लंबित है। जिससे हजारों विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने कहा कि ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को सरकार द्वारा आठ हजार से 20 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिससे वे अपनी फीस, किताबें और अन्य शैक्षणिक खर्च पूरे कर पाते हैं लेकिन पिछले तीन वर्षों से यह राशि जारी नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई विद्यार्थियों की पढ़ाई बीच में रुकने की स्थिति बन गई है और कुछ को मजबूरी में शिक्षा छोड़ने तक का विचार करना पड़ रहा है।

### प्रक्रिया को समयबद्ध बनाया जाए

एबीवीपी लगातार छात्र हितों की आवाज उठाती रही है और इस विषय को भी कई बार संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा गया है। परिषद का मानना है कि छात्रवृत्ति विद्यार्थियों का अधिकार है और इसमें देरी किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है। सरकार और संबंधित विभागों को इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द लंबित छात्रवृत्ति जारी करनी चाहिए। प्रदेश के कई विवि और महाविद्यालयों में छात्रवृत्ति फार्म वेरिफिकेशन की प्रक्रिया समय पर पूरी होने के बावजूद विद्यार्थियों को राशि नहीं मिली है। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या प्रशासनिक स्तर पर लंबित प्रक्रिया की है। जिसे तुरंत समाधान की आवश्यकता है। भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाया जाए।



जींद। बिजली अदालत में समस्याएं सुनते अधीक्षक अभियंता। फोटो :हरिभूमि

### इंटल कलां में बिजली अदालत

**जींद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम जींद सर्कल के अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा ने बिजली अदालत लगा लोगों की समस्याएं सुनी। शुक्रवार को आयोजित हुई बिजली अदालत में काफी संख्या में लोग बिजली की समस्या लेकर पहुंचे। जिनमें बिजली लाइनों को स्थानांतरित करना, वोल्टेज समस्या, खराब ट्रांसफार्मर की समस्याएं जैसी समस्याएं अधीक्षक अभियंता एमएल सुखीजा के समक्ष रखी गई। इसके बाद बिजली बिलों, खराब ट्रांसफार्मर को बदलने जैसी समस्याओं को उपमंडल अधिकारी गुलशन कुमार को तुरंत प्रभाव से समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बिजली लाइनों को स्थानांरतण करने और सौलर कनैक्शनों जैसी समस्याओं को भी निश्चित समय अवधी में समाधान करने के निर्देश दिए।

## विकास रैली को लेकर विधायक ने चलाया जनसंपर्क अभियान, लोगों को दिया निमंत्रण

# सीएम देंगे सफीदों को करोड़ों की विकास परियोजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक रामकुमार गौतम। फोटो :हरिभूमि

सफीदों विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि चार अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा रैली के माध्यम से क्षेत्र के लिए अनेक विकास परियोजनाओं की सौगात दी जाएगी। जिससे क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

सफीदों विधायक रामकुमार गौतम शुक्रवार को रस्ली को लेकर जनसंपर्क अभियान के तहत गांव बेरीखेड़ा, बूढ़ाखेड़ा, जयपुर, छापर, सफीदों शहर, सिंहपुरा, बहादरपुर, खरकड़ा, रत्ताखेड़ा, सिलाखेड़ी, बहादुरगढ़, मलार, होशियारपुरा सहित अनेक गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए रैली के महत्व को विस्तार से बताया और अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सफीदों विधानसभा क्षेत्र को भी विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। आने वाले समय में सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को और गति दी जाएगी। इस रैली के माध्यम से क्षेत्र को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह रैली केवल एक आयोजन नही बल्कि सफीदों क्षेत्र के विकास का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। विधायक ने क्षेत्र के सभी वर्गों, किसानों, युवाओं, महिलाओं व व्यापारियों से अपील की कि वे इस रैली में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और इसे सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि जनता का सहयोग ही विकास की सबसे बड़ी ताकत है और इसी सहयोग के बल पर सफीदों को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाया जाएगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भी भारी उत्साह देखने को मिला। वे गांव-गांव जाकर लोगों को रैली के प्रति जागरूक कर रहे हैं और अधिक से अधिक लोगों को जोडऩे का कार्य कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में रैली को लेकर सकारात्मक माहौल बना हुआ है।

### ये रहे मौजूद

विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि चार अप्रैल को होने वाली यह धन्यवाद एवं विकास रैली निश्चित रूप से ऐतिहासिक होगी और सफीदों के विकास के नए अध्याय की शुरुआत करेगी। इस दौरान पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश कौशिक, सफीदों विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, जिला महामंत्री जितेंद्र रोड, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सक्षम भाटिया सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पात्र किशोरियों के सुरक्षित भविष्य के लिए एचपीवी टीकाकरण आवश्यक : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में किशोरियों को गंभीर बीमारी सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) से बचाने के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस संबंध में डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन से अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दें और अपनी पात्र किशोरियों को समय पर टीका अवश्य लगवाएं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी एक अप्रैल को सरकारी विद्यालयों में आयोजित होने वाली अभिभावक-शिक्षक बैठकों के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अभिभावकों को एचपीवी टीके के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एचपीवी टीकाकरण के संबंध में फैली गलतफहमियों को दूर किया जाए तथा लोगों को सही एवं वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि इस अभियान के तहत निर्धारित आयु वर्ग की पात्र किशोरियों का टीकाकरण किया जाएगा। यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम है, जो महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है। इस अभियान के अंतर्गत पात्र किशोरियों को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार निशुल्क टीकाकरण सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

## खबर संक्षेप



### अदिति ने बॉक्सिंग में जीता सिल्वर मेडल

**राजौंद।** महारी छोरी, छोरों स कम ना हैं कहावत को चरितार्थ करते राजौंद की बेटी अदिति ने बॉक्सिंग में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रोहतक में 22 से 26 मार्च तक आयोजित पांचवीं बॉयज़ एवं गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अदिति (पुत्री सुधीर राणा, निवासी गढ़ी पट्टी, राजौंद) ने अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा के दम पर सिल्वर मेडल हासिल किया।

### सटोरिया दबोचा, कब्जे से 1210 रुपये नकदी मिली

**कैथल।** थाना शहर पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 1210 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में एचसी आयुब खान की टीम को सायंकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की महादेव कालोनी कैथल में व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस द्वारा तत्परता व मुस्तैदी का परिचय दे योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे पकड़ लिया।

### शिव मंदिर में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया

**सीवन।** सीवन स्थित स्वर्गद्वार शिव मंदिर में रामनवमी का पावन पर्व हर बार की तरह इस वर्ष भी अपार श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक गरिमा के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत हवन से हुआ, जिसे रमेश शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न करवाया।

### चुनौतियों का सामना करने के लिए आत्मबल बढ़ाएं

**राजौंद।** एस.वी.एन. उच्च विद्यालय में वार्षिक परिणाम समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर राजौंद संदीप नैन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने अपने संबोधन में जीवन में सफलता के लिए मेहनत, अनुशासन और

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पुलिस ने अलग अलग मामलों 2 भगौड़े आरोपी काबू लिए गए। जिसमें थाना सिविल लाइन के एएसआई तेगसिंह की टीम द्वारा आरोपी पेहवा जिला कुरुक्षेत्र निवासी सचिन को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया को आरोपी सचिन पर 1 अप्रैल 2021 को कोर्ट कॉम्प्लेक्स कैथल से बाइक चोरी करने का आरोप है। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज है।

### किसानों को खेती को आधुनिक तकनीक बताई

**राजौंद।** खंड के गांव रोहेड़ा में 26 मार्च 2026 को फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन एवं खेती विरासत मिशन के सहयोग से फील्ड स्कूल का आयोजन किया गया। इस बारे में जिला कॉर्डिनेटर सुभाष वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं सतत खेती तकनीकों से अवगत कराना है। इस अवसर पर किसानों को गेहूं की ट्रिपल एस (सतही) विधि से बुवाई, धान के अवशेषों के साथ गेहूं की खेती तथा डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) तकनीक के फायदे बताए गए।

### उत्पीड़न-मारपीट का आरोप, मामला दर्ज

**कैथल।** कलायत क्षेत्र की विवाहिता ने उत्पीड़न, मारपीट और मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में महिला ने बताया कि उसकी शादी रामराय निवासी सचिन के साथ हुई थी।

---

## सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक का आयोजन

# विकास कार्यों में देरी और लापरवाही बिल्कुल स्वीकार नहीं : नवीन जिंदल

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

- लंबित परियोजनाओं को तय समय में पूरा करें अधिकारी
- योजनाओं व विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा

लघु सचिवालय स्थित सभागार में सांसद नवीन जिंदल की अध्यक्षता में जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक पहुंच की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करना और यह सुनिश्चित करना रहा कि पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचे। इस दौरान पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। बैठक के दौरान सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। फील्ड में जाकर कार्यों की निगरानी करें और लंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करवाएं। जो भी निर्माण कार्य किया जाए, उसमें गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। यह सुनिश्चित करें कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी परियोजना के क्रियान्वयन में कोई तकनीकी दिक्कत है तो अधिकारी उनके एवं जिला उपायुक्त के संज्ञान में लाएं। विकास कार्यों में देरी और लापरवाही किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। सांसद ने ठेकेदारों की जवाबदेही तय करते हुए कहा कि डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड के दौरान सड़क की मरम्मत की पूरी जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होती है। यदि ठेकेदार कार्य में लापरवाही करता है तो उसकी बैंक गारंटी जब्त कर विभाग द्वारा कार्य पूरा करवाया जाएगा।



कैथल। सांसद नवीन जिंदल अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

### 31 मई तक पूरा करें स्टेडियम का काम

*सांसद नवीन जिंदल ने चीका स्टेडियम के निर्माण कार्य को 31 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही क्योड़क में बन रहे लुवास के रीजनल सेंटर, राजौंद में सड़क एवं एसटीपी प्लांट के निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जिले में अन्य लंबित परियोजनाओं को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।*

### ये रहे मौजूद

बैठक में पूंडरी विधायक सपताल जांबा तथा कलायत विधायक विकास सहारन ने भी अपने अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े मुद्दे उठाए और अधिकारियों से जवाब तलब किया। इस अवसर पर डीसी अपराजिता, एसपी मनप्रीत सिंह, एडीसी सुशील कुमार, नगर परिषद चेयरमैन सुरभि गर्ग, जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, डीएमसी कपिल शर्मा, सीटीएम गुरविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### टूटी सड़कों का किया जाएगा इलाज

सांसद ने कहा कि कैथल-चीका रोड सहित कई प्रमुख मार्गों की हालत अत्यंत खराब है, जिससे जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक के दौरान पूंडरी से पाई, ढांड से कुरूक्षेत्र, फ्रांसवाला रोड, कैथल से सिसला धाम, तितरम मोड से चौ. छोटू राम चौक, डंडोता से बाउपुर सहित अन्य सड़कों की खराब हालत को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द सभी गड्ढों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। अगर कोई सड़क नई बनाई जानी है तो जल्द से जल्द उनके टेंडर लगाकर उन्हें बनाया जाए।

---



कैथल। कार्यक्रम में उपस्थित जाट संस्था के पदाधिकारी और कर्मचारी।

## कर्मचारियों को जीवन बीमा निगम संबंधी जानकारी दी

- जाट शिक्षण संस्थान में विशेष सेमिनार का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जाट शिक्षण संस्थान, कैथल में कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम पानीपत के ब्रांच मैनेजर रविंद्र गुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बैनिवाल ने समस्त प्रबंधक समिति व शिक्षण संस्थान के प्राचार्य गण के साथ मिलकर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। रविंद्र गुप्ता ने बताया कि आज के सेमिनार का मुख्य उद्देश्य कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा कर्मचारियों के हित में जारी की गई बीमा पॉलिसी के बारे में बताना है। उन्होंने बताया कि जो कर्मचारी 21000 से कम वेतन वाले हैं वह इसके दायरे में आते हैं, भविष्य में यह दायरा बढ़ाया भी जा सकता है। इस पॉलिसी को सरकार द्वारा 10 से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति वाले संस्थानों में अनिवार्य किया जा रहा है। इस पॉलिसी में कर्मचारियों को 0.75 व नियोक्ता संस्थान को 3.25 कुल मिलाकर चार प्रतिशत वेतन का प्रति माह जमा करवाना होता है, बदले में अनेक लाभ राज्य बीमा निगम द्वारा प्रदान किए जाते हैं। बीमाकृत व्यक्ति और उसके परिजनों को पूर्ण चिकित्सा लाभ दिया जाता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल व कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने भी कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान किया और इस योजना को कर्मचारियों के हित में बताया। इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसाईटी के उप प्रधान बलजिंदर बनवाला व कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. सत्यवान माजरा, महावीर राविश, महावीर कुंडू, कुलदीप सिंह, विक्रम सोंगल, रजत रापड़िया, जसवीर मानस, राजपाल गुहणा, सनी चौशाला, स्वतंत्र पाल सिंह, कॉलेज प्राचार्य डॉ.दिनेश सिंह ढिल्लों, जाट आईटीआई प्राचार्य कुलदीप गोपेरा, जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य नरेश राणा, जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल प्राचार्य पंकज गुप्ता व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

---

## एनएसएस व्यक्तित्व विकास में सहायक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा दर्शन अकादमी, जगदीशपुरा में 7-दिवसीय एनएसएस शिविर का सफल शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रथम दिवस का आरंभ कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. अनिल जिंदल, डॉ. अनुकृति तथा सुश्री अनीता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय गान एवं एनएसएस गीतों के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में अनुशासन एवं ऊर्जा का संचार हुआ। प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल एवं सायंकालीन सत्र के प्राचार्य प्रभारी डॉ. हरिंदर गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. गगन मित्तल ने प्रेरणादायक संबोधन में एनएसएस के वास्तविक उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि एनएसएस केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास और समाज सेवा की भावना को सशक्त बनाने का माध्यम है।





कैथल। यातायात पुलिस के उपनिरीक्षक राजबीर सिंह को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### सफल आयोजन की सराहना

महाविद्यालय के प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि एन.एस.एस. जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना करते कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के अनुभव प्रदान करते हैं और उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील बनाते हैं।

---

## गेहूं खरीद के नियमों में ढील दे सरकार : रामपाल

- किसानों को सीजन के दौरान आएगी परेशानी
- मंडियों में गेट पास कटवाने के लिए बायोमेट्रिक लगवाना गलत
- बुजुर्ग किसानों के अंगुलियों के निशान घिस जाते हैं, वे कैसे लगाएंगे हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि गेहूं सीजन में प्रदेश की मंडियों में जो नए नियम लागू हुए हैं, इसमें बहुत ज्यादा खामियां हैं, प्रदेश सरकार को इनमें जल्द सुधार करने की जरुरत है। मंडियों में किसान बायोमेट्रिक लगाना, ट्रेक्टर-ट्राली की अनिवार्यता, गेट पास सुबह छह से आठ बजे तक करना और काफी डाटा मिस मैच है। गेहूं और सरसों बेचने में किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी आएगी, जो किसान बुजुर्ग हो चुके हैं, उनकी बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लगाने में दिक्कत आएगी। सरकार गेहूं खरीद के जो नियम बनाए हैं, जल्द इमें ढील दें।



कैथल। पत्रकारों से बातचीत करते इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा।

### बुजुर्गों की बढ़ेगी दिक्कत

कई बुजुर्ग किसानों के उंगलियों के निशान घिस जाने के कारण बायोमेट्रिक मशीन पर मैच नहीं होते। ऐसा मिलान करने में देरी होगी, इससे अव्यवस्था फैलेगी। जो खरीद सेंटर बनाए गए हैं, वहां वहां पर मंडियों में इंटरनेट कनेक्टिविटी धीमी होने या सर्वर डाउन होने पर बायोमेट्रिक हाजिरी लंबी लाइनों और इंतजार का कारण बन सकती है। यदि किसान खुद नहीं आ सकता, तो उसे पहले से 3 व्यक्तियों को नामांकित करना होगा।

### ट्रैक्टर -ट्राली के नंबर की अनिवार्यता हटानी चाहिए

हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में अभी भी कई पुराने ट्रैक्टर ऐसे हैं, जिनका आधिकारिक रजिस्ट्रेशन नहीं है या नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं है। बिना नंबर प्लेट के गेट पास न मिलने का नियम छोटे किसानों के लिए बड़ी बाधा बन सकता है। छोटे किसानों के पास अपने साधन नहीं है, ऐसे किसान छोटा वाहन या किराए के ट्रैक्टर से फसल लाता है और उस पर नंबर प्लेट नहीं है, तो जिम्मेदारी और देरी को लेकर विवाद हो सकता है, प्रदेश सरकार इस नियम को भी जल्द बदले।

### गेट पास की समय सीमा हटाए, ज्यादा परेशानी होगी

गेट पास के लिए समय सीमा निर्धारित होने से मंडियों के बाहर ट्रेक्टर ट्रालियों की लंबी लाइन लग जाएगी। सुबह छह बजे से आठ बजे तक गेट पास काटने नियम बनाया है, यह नियम सबसे बेकार है। खेत में जब कंबाइन चलती है तो इसके लिए पांच से छह ट्रेक्टर-ट्राली लगाने पड़ते हैं, ट्रैक्टर ट्राली यहां पर लाइनों में खड़े रहेंगे।

---



## उमंग और उत्साह के साथ मनाया रामनवमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत के प्राचीन कपिल मुनि धाम परिसर में विश्व हिंदु परिषद द्वारा रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसकी शुरूआत हवन से श्री रामदरबार में हुई। यजमान के रूप में किरण बाला सिंगला व अनिल सिंगला मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व ड्क्षहदु परिषद जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल ने की। धार्मिक परंपराओं का निर्वहन पुजारी अनिरूद्ध गौतम ने करवाया। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र के छात्र कनिष्क सिंगला ने मंत्रोच्चरण किया। विशिष्ठ मेहमान के तौर पर विहिप के पूर्व महामंत्री निशीकांत शर्मा, पूर्व पार्षद आरएस धानियां, रविंद्र निर्मल बंटी, पार्षद जगदीश रायका आदि मौजूद रहे।

---

## क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना

- नवमी के अवसर पर बाला सुंदरी माता मंदिर कौल में पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

नवमी के पावन अवसर पर गांव कौल स्थित बाला सुंदरी माता मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया । मौके पर पूंडरी विधानसभा से पूर्व विधायक एवं बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय कौल प्रबंधन समिति के प्रधान चौ. तेजबीर सिंह ने ग्रामीणों के साथ विधि-विधान से माता रानी की पूजा कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और माता के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर के पुजारी पंडित हरीश शर्मा ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न करवाई और श्रद्धालुओं को नवमी के महत्व के बारे में बताया।



ढांड। पूर्व विधायक तेजबीर सिंह व अन्य बाला सुंदरी माता मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस मौके पर विधायक चौ. तेजबीर सिंह ने कहा कि "नवमी के इस पावन अवसर पर माता बाला सुंदरी के चरणों में आकर पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य मिला है। मैं माता रानी से गांव व क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करता हूं। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं तथा हमें अपनी संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं।" अवसर पर कंवर सिंह, ईश्वर सिंह, जोगेंद्र सिंह सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

## विधायक ने गांव बलवंती में चौपाल की नवनिर्मित चारदीवारी का किया उद्घाटन



**कैथल।** विधायक आदित्य सुरजेवाला विकास कार्यों की रफ्तार को और तेज कर रहे हैं। आज उन्होंने अपने हल्के के गांव बलवंती में जनसुविधा और सौंदर्यीकरण के तीन महत्वपूर्ण कार्यों का भव्य उद्घाटन किया। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने रघुबीर सीड़ा के मकान से महावीर श्योराण के मकान तक पेवर ब्लॉक गली, नवनिर्मित प्रजापति चौपाल की चारदीवारी और रविदासिया चौपाल की चारदीवारी का उद्घाटन किया। इन कार्यों से न सिर्फ गांव की सौंदर्यता में चार चांद लग गए हैं, बल्कि सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा और व्यवस्था भी मजबूत हो गई है। ग्रामीणों ने इस विकास कार्य का भरपूर स्वागत करते हुए विधायक आदित्य सुरजेवाला का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उद्घाटन अवसर पर विधायक आदित्य ने ग्रामीणों से संवाद करते कहा कि बलवंती मेरे दिल के बहुत करीब है। आज गगांव को समर्पित यह विकास कार्य गांव की सुरक्षा, सुंदरता और समृद्धि का प्रतीक हैं। लेकिन यह सिर्फ शुरुआत ही नहीं है बल्कि बहुत जल्द गांव में और भी कई बड़े विकास कार्य शुरू किए जाएंगे।

---

### गेहूं खरीद को लेकर तैयारियां तेज: शमशेर

**सीवन।** गेहूं खरीद सीजन को लेकर सीवन मार्केट कमेटी कार्यालय में आढ़तियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन शमशेर सैनी एवं वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल ने की। आढ़तियों की समस्याएं सुनी तथा आगामी खरीद सीजन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक किसान को अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली का नंबर कार्यालय में दर्ज कराना होगा, ताकि उसे पोर्टल पर अपलोड किया जा सके। बताया कि मंडी का समय सुबह 6 से रात 8 बजे तक निर्धारित किया है। यदि कोई किसान उपस्थित नहीं हो सकता, तो वह तीन नामित प्रतिनिधि (नॉमिनी) तय कर सकता है।

- आढ़तियों की बैठक में दिए निर्देश

---

**सौगात** डा. भीमराव आंबेडकर पुस्तकालय का 35 लाख से पूरा होगा अधूरा निर्माण

# कलायत में एक करोड़ से होगा संत शिरोमणि गुरु रविदास सामुदायिक भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत के वार्ड एक में एक करोड़ 35 लाख रुपये के बजट से दो विकास कार्य धरातल पर शुरू होने जा रहे हैं। इसके तहत 1 करोड़ के अनुमानित खर्च से श्री रैदास तख्त के आंगन में संत शिरोमणि गुरु रविदास सामुदायिक भवन का जल्द टेंडर लगाया जाएगा। इसका प्रारूप तैयार हो चुका है। यह ऐसा पहला भवन होगा जिसमें सौर ऊर्जा यूनिट का प्रावधान रखा गया है। इसके चलते यह इमारत खुद के साथ-साथ आसपास के सार्वजनिक भवनों को रोशन करेगी। इसके अलावा भारत रत्न डा.भीम राव अंबेडकर के नाम से करीब 35 लाख रुपए के पुस्तकालय का सौदर्यकरण किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए एजेंसी को वर्क आर्डर दे दिया गया है। सरकार द्वारा नगर पालिका के माध्यम से दी गई विकास की सौगात की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को नपा चेयरमैन अंकित राणा व वार्ड एक से पार्षद कुमारी रेणू धानियां ने निर्माण स्थल का दौरा किया। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता अब्दुल वहाब खान, सुपरवाइजर अमित राणा, रामकुमार धानियां, जगदीश रायका सहित विभिन्न वार्डों से पार्षद मौजूद रहे। विकास कार्यों को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है।



कलायत। वार्ड एक में विकास कार्यों को लेकर दौरा करते नपा चेयरमैन अंकित राणा व पार्षद कुमारी रेणू धानियां। *फोटो: हरिभूमि*

### विकास का अनोखा अध्याय लिख रही सरकार

भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, प्रभारी जंगीर सिसला, जिला उपाध्यक्ष अजय प्रताप राणा व मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा, भाजपा कार्यकर्ता व जन प्रतिनिधि शहर के समग्र विकास के लिए प्रयासरत हैं।

---

### वार्ड वार मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

**कैथल।** हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के तहत जिला कैथल की संबंधित ग्राम पंचायतों की वार्ड वार मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की शुक्रवार को कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अपराजिता ने बताया कि आम चुनाव/उप-चुनाव 2026 के मद्देनजर वार्डवार मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन 2 मार्च 2026 को किया गया था। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत आपत्तियां एवं सुझाव प्राप्त किए गए और उनका नियमानुसार निपटान किया गया। बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत), कैथल तथा सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों द्वारा आवश्यक रिपोर्ट तैयार की गई।

**खबर संक्षेप**

### पीएनजी की फिटिंग वाले शीघ्र करवाएं कनेक्शन

**कैथल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने अपील करते हुए कहा है कि जिन घरों में पीएनजी की फिटिंग पूरी हो चुकी है, वे अपनी सिक्योरिटी फीस जमा करवाकर कनेक्शन चालू करवा लें। नियंत्रक वरिंद्र सिंह ने बताया कि इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड द्वारा जिले में अब तक 33 हजार 396 घरेलू कनेक्शन की फिटिंग की जा चुकी है। इनमें से 10 हजार 617 कनेक्शन सक्रिय हैं।

### कौल में 11वीं एथलेटिक्स मीट 29 मार्च को

**ढांड।** महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कौल में 11वीं एथलेटिक्स मीट का आयोजन 29 मार्च को किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन द इंटरनेशनल रिलीफ ग्रुप कौल के तत्वावधान में बाबू अनंत राम जनता कॉलेज के खेल मैदान में होगा। संस्था के प्रधान मास्टर रणबीर आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 10 बजे किया जाएगा।

### वाद विवाद में प्रतिभा व संध्या रही अव्वल

**कलायत।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् हरियाणा गुरुग्राम द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शिमला की छात्राओं ने राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या रश्मि भारद्वाज ने बताया कि विद्यालय की छात्रा प्रतिभा व संध्या ने हरियाणा राज्य में स्थान प्राप्त कर विद्यालय नाम रोशन किया।

### गृह प्रवेश से पहले दूल्हा दुल्हन ने किया पौधारोपण

**पूंडरी।** पर्यावरण एवं संस्कृत संरक्षण मंच ने पौधारोपण को जन अभियान बनाने की पर्यावरण एवं संस्कृति संरक्षण मंच के प्रयास पर्यावरण के प्रति लगातार जारी है। जोगिंदर बासना के पुत्र इंजीनियर शुभम दुल्हन को लेकर जब घर पहुंचे तो गृह प्रवेश से पहले शुभम ने दुल्हन सहजल के साथ मिलकर के पर्यावरण संस्कृति सत्संग मंच के सहयोग से पौधारोपण किया। पौधारोपण करने के बाद नव दंपति ने कहा कि हमने एक श्रेष्ठ कर्म

### जिला तलवारबाजी प्रतियोगिता 4 को

**कैथल।** जिला तलवारबाजी संघ द्वारा 4 अप्रैल को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सोंगरी (गुलियाना), कैथल में तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में अंडर-17, कैडेट एवं सीनियर वर्ग के लड़के एवं लड़कियां भाग ले सकते हैं। जिला तलवारबाजी संघ के प्रधान अभिषेक सहारण ने यह जानकारी दी।

### चैत्र नवरात्रि महोत्सव का हुआ समापन

**उचाना।** नौ दिन तक चले चैत्र नवरात्रि महोत्सव का शुक्रवार को समापन हुआ। मेला प्रबंधक सुरेंद्र कौशिक ने बेहतर प्रबंधन में सहयोग करने के लिए पुलिस प्रशासन, निजी सुरक्षा कर्मियों, सेवदारों व दर्जनों धर्मशालाओं के संचालकों का भी धन्यवाद किया।

# मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव साकेत कुमार ने किया कैथल अनाज मंडी का दौरा, खरीद सीजन की तैयारियों का लिया जायजा

## बारदाने की पूरी व्यवस्था की जाए और फसल खरीद के बाद उसका समयबद्ध उठान किया जाए

**कहा-गेहूं बेचने में किसानों को नहीं आनी चाहिए किसी भी प्रकार की परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं जिला कैथल के प्रशासनिक सचिव डॉ. साकेत कुमार ने कहा कि रबी सीजन के दौरान गेहूं व अन्य फसलों की खरीद को समुचित रूप से की जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सरकार ने गेहूं खरीद के लिए जो भी नए प्रावधान किए हैं, उनके पालन के लिए सभी मंडियों में व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं। बारदाने की पूरी व्यवस्था की जाए और फसल खरीद के बाद उसका समयबद्ध उठान किया जाए, ताकि मंडी में जाम जैसी स्थिति पैदा न हो।

**आढ़तियों की समस्याएं भी सुनीं**

मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार शुक्रवार को अनाज मंडी कैथल में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक के बाद उन्होंने मंडी का दौरा भी किया। साथ ही आढ़तियों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने गेहूं खरीद की तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। इस दौरान डीसी अपराजिता व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सभी उपकरणों को समयबद्ध दुरूस्त करवाएं। इस कार्य में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। गेट पास के बारे में बारीकी से जानकारी प्राप्त ली। जिसमें नए प्रावधान के तहत मंडी में प्रवेश के समय किसानों की फोटो खिंचने से लेकर बायोमीट्रिक तक एवं बाद में एजेंसी के रिकॉर्ड में इंद्राज तक की पूरी प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा की। इन विभिन्न चरणों में आवश्यक संसाधनों प्रिंटर, नमी मापने के यंत्र, बारदाना, कर्मचारियों की संख्या, गोदामों में खाली जगह, डिजिटल धर्मकांटों सहित सभी तरह के स्टॉक के बारे में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया इतने सरल तरीके से हो कि किसानों को कोई परेशानी न हो।



**कैथल।** मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार अनाज मंडी का दौरा करते हुए।

**मंडी की सड़क को दुरुस्त करवाएं**

उन्होंने कहा कि मंडियों की आवाजाही में किसानों को कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए मंडी की सड़क को दुरूस्त करवाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी अधिकारियों व आढ़तियों से भी बातचीत की और उन्हें खरीद सीजन के दौरान सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीने का पानी, बिजली, साफ-सफाई, लोडिंग व अनलोडिंग की सुचारू व्यवस्था में लापरवाही न बरती जाए और किसानों की फसल को निर्धारित मापदंड अनुसार ही खरीदा जाए। उन्होंने आढ़तियों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। डीसी अपराजिता ने फसल खरीद प्रक्रिया की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्होंने आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन किया जाएगा। इस मौके पर डीएमईओ अभिनव वालिया, मार्किट कमेटी सचिव नरेंद्र ढुल, विजेंद्र, रोहित एवं रमन के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट के आदेश पर जिला प्रशासन ने जेसीबी से गिराए अवैध निर्माण

# भाणा ब्राह्मणन में चला पीला पंजा, गांव छावनी में तबदील

*लोगों ने विरोध भी जताया, लेकिन पुलिस बल के सामने नहीं टिक सके, पंचायती जमीन पर 50 अवैध निर्माण*

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

गांव भाणा ब्राह्मणन में शुक्रवार को पंचायती जमीन पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने का कार्य शुक्रवार को शुरू कर दिया और जेसीबी की सहायता से दर्जनभर अवैध निर्माणों गिरा दिया। हालांकि निर्माण गिराने के दौरान विरोध की कोशिश भी की गई। भारी संख्या में पुलिसबल होने के कारण विरोध करने वाले टिक नही पाए। पुलिस ईंट फैंकने वाले एक व्यक्ति वाले एक व्यक्ति को हिरासत में भी लिया है।

**तालाब की पंचायती जमीन पर कई मकान तो दशकों पुराने हैं, जिसे लेकर हाईकोर्ट में लंबी लड़ाई चली**

**क्या है मामला**

गांव भाणा ब्राहमणन में पचायत ने तालाब की पंचायती जमीन को अवैध निर्माणों को लेकर अदालत में याचिका की थी। मामला हाईकोर्ट में चला हुआ था। हाईकोर्ट ने पंचायत के पक्ष में फैसला देते हुए जिला प्रशासन को कब्जा मुक्त करवाने के आदेश दिए थे। अवैध कब्जों में लगभग पचास मकान आ रहे हैं। जिनमें कुछ तो दो से तीन दशक से पुराने हैं। बताया जाता है ग्राम पंचायत के बाद हाईकोर्ट में गांव का ही एक व्यक्ति लगतार पैरवी कर रहा था।



**जींद।** अवैध निर्माण गिराते हुए जेसीबी मशीन। *फोटो : हरिभूमि*



**जींद।** अवैध निर्माण गिराने के दौरान तैनात पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

**ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस रही तैनात**

सदर थाना नरवाना प्रभारी कमल ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेशों पर अवैध निर्माणों को गिराया जा रहा है। अवैध कब्जों की संख्या लगभग पचास है। डयूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख पुलिस को तैनात किया है।

**जेसीबी को मारी ईंट, पुलिस ने किया काबू**

जेसीबी जब दूसरे अवैध निर्माण को गिरने की तैयारी कर रही थी तो एक परिवार विरोध में उतर आया और ईंट लेकर छत पर चढ़ गए। एक ईंट जेसीबी पर भी फैंकी, पुलिस ने तुरत कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। भारी संख्या मे पुलिस की तैनाती के चलते लोग ज्यादा विरोध नही कर सके। अमले की कार्रवाई शाम तक जारी रही।



**जींद।** ईंट फेंकने वाले व्यक्ति को हिरासत में लेते हुए पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

**गांव भाणा पुलिस छावनी मे हुआ तबदील**

जमीन से कब्जा छुड़वाने के लिए बीडीओ तरुण को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। डीएसपी सफीदों गौरव शर्मा को सुरक्षा की कमान सौंपी गई। जो डयूटी मजिस्ट्रेट की देखरेख में अमले तथा जेसीबी के साथ गांव भाणा ब्राह्मणन पहुंचे और अवैध निर्माण गिराने शुरू कर दिए।



**जींद।** कार्यक्रम के दौरान डिप्टी स्पीकर व टेकराम कंडेला। *फोटो : हरिभूमि*

# 5 अप्रैल को जींद विकास रैली में भारी भीड़ जुटेगी : कंडेला

- डिप्टी स्पीकर डा. मिड्ढा के नेतृत्व में 36 गांवों का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा है कि पांच अप्रैल को जींद में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी विकास रैली को संबोधित करने आएंगे। जिसमें जींद हलके से रैली में भारी भीड़ जुटेगी। कंडेला ने कहा कि प्रदेश के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा के नेतृत्व में हमारी भारतीय जनता पार्टी की टीम ने रैली का निमंत्रण देने के लिए सभी 36 गांवों का दौरा किया है और अब जींद शहर के सभी वार्डों में ड. कृष्ण मिड्ढा के नेतृत्व में सभी लोगों को रैली में आने का निमंत्रण देंगे। कंडेला ने कहा कि प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी के 11 वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश के डिप्टी स्पीकर के प्रयासों से जींद में भारी विकास हुआ है। जैसे जींद को हाइवे से जोडन्ना, सभी बाईपास को पूरा करना, जींद के अंदर अंडरपास का कार्य पूरा करवाना व सभी पुलों का पूरा कार्य करना व सभी ग्राम पंचायत में भारी ग्रांट देकर गांव का विकास करवाना इसमें शामिल है। कंडेला ने कहा कि जींद मे धन्ना भगत के नाम से गांव हैबतपुर में एक 19 मंजिल वाली पीजीआई का निर्माण करवा के डा. कृष्ण मिड्ढा ने एक ऐतिहासिक कार्य किया है। इस मौके पर कृष्ण रेढ़ू, सरपंच विनोद, प्रदीप सिहाग, काला मनोहरपुर, सतवीर बोहतवाला, अनूप कंडेला, रमेश दालमवाला, राममेहर कंडेला, विनोद सैनी आदि मौजूद रहे।

**मिलेगी सौगात**

कंडेला ने कहा कि पिछली सभी सरकारों ने अपना राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करने के लिए जीद में बड़ी-बड़ी रैलियां कर के जींद के लोगों को गुमराह करने का काम किया है और जींद के विकास की पूरी तरह अनदेखी हुई है। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी जींद में पांच अप्रैल को विकास कार्यों को लेकर एक बहुत बड़ी रैली का आयोजन करने जा रहे हैं। जिसके अंदर बहुत बड़ी विकास योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास करेंगे व जींद में विकास कार्यों के लिए बहुत बड़ी घोषणा करेंगे। कंडेला ने कहा कि लोगों में रैली को लेकर उत्साह है। भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में जींद जिले की अहम भूमिका रही है।

## धर्म है विजय का द्वार व अधर्म पराजय का : डॉ. कृष्ण मिड्ढा



**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि धर्म है विजय का द्वार व अधर्म पराजय का। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा दुर्गाष्टमी की रात माता वैष्णवी धाम में मातृभक्तों को संबोधित कर रहे थे। धाम के मैनेजिंग ट्रस्टी आचार्य पवन शर्मा ने अपने वक्तस्य में कहा कि मां का द्वार सदा सबके लिये खुला है। चाहे कोई आधी रात को आकर मां वैष्णो का द्वार खटखटावे, वे तत्काल उसे अपने हृदय से लगाने को तैयार मिलेगी। सोमवीर पहलवान, अशोक गुलाटी, हरबंस मंगला, पंकज गुम्बर, अभय जैन, वैभव नयन नागी ने सपरिवार भगवती महागौरी की आराधना कर नवार्ण महायज्ञ में आहुति दी। कार्तिकेय ने एक मधुर भेंट के द्वारा मां का गुणगान किया।

## भाजपा सरकार से हर वर्ग दुखी : विकास सिहाग

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

**युवाओं को रोजगार नहीं, किसानों को एमएसपी नहीं, गैस को लेकर लोगों को लगना पड़ रहा लाइन में**

जजपा युवा विंग के प्रदेश महासचिव विकास सिहाग ने कहा कि कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार से हर वर्ग परेशान है। भाजपा सरकार ना ही तो युवाओं को रोजगार दे सकी और ना ही किसान की फसल को एमएसपी खरीद रही है। फसल खरीदी गई किसानों को या तो रेट में कम मिला या उनका पैसा समय पर नहीं दिया गया। आज गैस सिलेंडरों के लिए लोग मारामारी कर रहे हैं। दिनभर लाइनों में लगने के बाद भी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर नही मिल रहे हैं।

वहीं प्रदेश में युवाओं को रोजगार भी नसीब नही हो रहा है। किसानों को उनकी फसलों के लिए एमएसपी भी नही मिल रही है। भाजपा सरकार से आज हर वर्ग दुखी है।



विकास सिहाग।

# मुक्केबाजी में कौल का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय, कौल के खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। यह प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आयोजित हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में गंगा (50 किलोग्राम) और पंकज (65 किलोग्राम) ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आदित्य शर्मा (90 किलोग्राम) ने रजत पदक तथा विशेष कुमार (85 किलोग्राम) ने कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता से लौटने पर महाविद्यालय परिसर में खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह ने भी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**ढांड।** प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**इन्हें दिया जीत का श्रेय**

प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने इस सफलता का श्रेय शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. बृजेंद्र कुमार, डॉ. पारसमणी, डॉ. अमित कुमार एवं प्रोफेसर रोबिन के मार्गदर्शन को दिया, जिनके निर्देशन में खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की।

# कशिश ने सोलो डांस स्पर्धा जीती

- कैथल में एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय टीम की रही शानदार उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और गुणवत्ता का परिचय देते हुए इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय कैथल में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक उत्सव में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा कशिश ने सोलो डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी कला, अभिव्यक्ति और समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, मुस्कान शर्मा ने सोलो सिंगिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि हरमन एवं गौरव ने कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया।



**कैथल।** प्रतियोगिता में अव्वल रही एनआईआईएलएम की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

**विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया**

यह गौरवपूर्ण उपलब्धि विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, समर्पण और अद्वितीय प्रतिभा के साथ-साथ मार्गदर्शक शिक्षकों के निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन का परिणाम है। विश्वविद्यालय सभी विजेताओं, प्रतिभागियों, समर्पित टीम एवं संबंधित संकाय सदस्यों को इस शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई देता है।

**विकास** तीन करोड़ रुपये पुरानी मंडी में स्पेशल रिपेयर के लिए हुए मंजूर

# मार्केटिंग बोर्ड ने सीएम घोषणा के बाद मंजूर किए 10 करोड़ 17 लाख : सुरेंद्र खरकभूरा

- मार्केट कमेटी चेयरमैन बोले- विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने जो वादा किया था, उसकी हो चुकी है शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि उचाना में सीएम नायब सिंह सैनी की विकास रैली के बाद विकसित उचाना का जो वायदा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने हलके की जनता से किया था उस वायदे के पूरे होने की शुरुआत हो चुकी है। मार्केटिंग बोर्ड से गांव से गांव को जोड़ने वाली सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने, शहर की पुरानी अनाज मंडी, हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में मार्केट कमेटी का कार्यालय बनने के लिए 10 करोड़ 17 लाख रुपये मंजूर हुए हैं। यह राशि सिर्फ एक विभाग की मंजूर हुई है। जो अन्य घोषणाएं सीएम ने की थी उन पर भी करोड़ों रुपये की योजनाओं पर कार्य होगा। पत्रकार वार्ता में चेयरमैन ने मंजूरियों का ब्यौरा देते हुए बताया कि 12 फीट की जो सड़क है वो 18 फीट होगी। इन सड़कों में घसो कलां से भगवानपुरा के लिए 102 लाख, घोघड़िया से बधाना रोड होते हुए कालता के लिए 95 लाख, बड़ौदा से भौंगरा को जानी वाली सड़क के लिए 140 लाख, घोघड़िया से करसिंधु को जाने वाली सड़क के लिए 230 लाख, स्पेशल रिपेयर पुरानी मंडी, टीएमसी में स्पेशल रिपेयर जिनमें फड़, सड़क निर्माण सहित अन्य कार्य है के लिए 300 लाख, पुरानी मंडी में जर्जर हो चुके मार्केट कमेटी कार्यालय की नई बिल्डिंग हाइवे स्थिति अतिरिक्त मंडी में बनने के लिए 150 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। जल्द ही इन सभी कामों को लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी।



**उचाना।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा।

**सड़कों की चौड़ाई बढ़ेगी**

उन्होंने कहा कि अतिरिक्त मंडी में मार्केट कमेटी के कार्यालय निर्माण की मांग जब से अतिरिक्त मंडी हाइवे पर बनी है तब से की जाती रही है। इस मांग को विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने पूरा करवाने का काम किया। ऐसे ही सड़कों की चौड़ाई कम होने से वाहन चालकों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी। इन सड़कों की चौड़ाई आने वाले दिनों में निर्माण के बाद बढ़ेगी। पुरानी मंडी, टीएमसी मंडी में रिपेयर सहित अन्य कामों को लेकर तीन करोड़ रुपये की राशि मंजूर हुई है। इसको लेकर सीएम नायब सिंह सैनी, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के आभारी है।